

चीनी मिलों के मृतक आश्रितों को नौकरी देने विषय की समीक्षा करते हुए स्वामी यतीश्वरानन्द।

# हमारा दून

# पीने का पानी हमारी सबसे बुनियादी आवश्यकता: मंत्री गणेश जोशी

**शिलान्यास**

■ राजेन्द्रनगर में 45 दिनों में बनेगा नलकूप, 17000 क्षेत्रवासियों को मिलेगा लाभ

**संवाददाता**

देहरादून। औद्योगिक विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा राजेन्द्र नगर के गली नं. –10 में तकरीबन 17,000 क्षेत्रवासियों की पेयजल समस्या के समाधान के लिए 144 लाख रुपए की लागत से नलकूप का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद नंदनी शर्मा, कंचन ठाकुर, राजेन्द्र नगर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष विजय अग्रवाल तथा भाजपा नेता राकेश जोशी द्वारा कैबिनेट मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वच्छ पेयजल हमारी मूलभूत आवश्यकता है। एक बार के लिए हम सड़क, नाली जैसी सुविधाओं के बिना रह सकते हैं परंतु पीने का पानी हमारी सबसे बुनियादी आवश्यकता है। चुनाव के समय मुझे पेयजल समस्या के बारे में बताया गया था तब हमने तत्काल ही एक नलकूप लगवाया था। तब से आज तक जनसंख्या बढ़ जाने के कारण एक और नलकूप की आवश्यता पड़ रही थी, इसलिए आज यहां नलकूप स्थापित किए जाने का काम प्रारम्भ किया गया है। मुझे अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि 144.22 लाख की लागत से इस नलकूप को 250 मीटर गहराई तक बोर किया जाएगा। लगभग 1000 से 1500 एलपीएम पानी यहां से निकलने की उम्मीद की जा रही है। और बताया गया है कि यह काम आगामी 45 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुझे यह अवगत करवाते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मसूरी क्षेत्र में 700 करोड़ की लागत से टनल निर्माण, 144 करोड़ की लागत से मसूरी के लिए यमुना नदी से पेयजल योजना, 400 करोड़ की लागत से मसूरी–देहरादून रोपवे का निमार्ण किया जा रहा है, इसी प्रकार लगभग 90 करोड़ की लागत से सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है, राजपुर में 06 करोड़ की लागत से बन कर लगभग तैयार हो चुका श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क क्षेत्र के विकास का विवरण स्वयं दे रहे हैं। काबीना मंत्री ने कोरोना टीकाकरण हेतु प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते नागरिकों का आह्वान किया कि टीकाकरण हेतु स्थानीय स्तर पर कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं इसलिए टीकारण अवश्य करवाएं।

स्थानीय पार्षद नंदनी शर्मा द्वारा बताया गया कि नलकूप से राजेन्द्रनगर, लोहारवाला, सैयद मोहल्ला तथा किशननगर क्षेत्र के 17000 व्यक्तियों को लाभ प्राप्त होगा। मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही यह कार्य करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती संबंधी वायरल ऑडियो क्लिप का लिया संज्ञान

**संवाददाता** देहरादून। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो क्लिप का शासन द्वारा संज्ञान लिया गया है। पुलिस को सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता की पुष्टि कर प्रकरण की जांच करने तथा उक्त जांच में उत्कोच संबंधी तथ्य के प्रमाणित होने पर दोषियों के विरूद्ध तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

### उत्तराखंड के सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश बुधवार को खत्म हो गया है। गुरुवार यानी एक जुलाई से स्कूलों में एक बार फिर से ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसको लेकर शासन ने बुधवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण से परेशानहाल सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी, निजी और सहायताप्राप्त अशासकीय स्कूलों में आठ मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया था। इस बार तकरीबन 24 दिन पहले ही ग्रीष्मावकाश घोषित घोषित कर दिया गया था, जो आज खत्म हो गया है।

### स्कॉडा कुशक को 10.49 रुपये की शुरुआती कीमत पर भारत में लॉन्च किया गया

**संवाददाता** देहरादून। स्कॉडा ऑटो ने इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट के तहत अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूीव–स्कॉडा कुशक की बुकिंग के शुभारंभ तथा इसकी कीमतों की घोषणा के साथ ही भारत के प्रति अपने नए संकल्प को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस साल की शुरुआत में भारत में वर्ल्ड प्रीमियर के बाद से ही कुशक ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है, जो भारत में और भारत के लिए निर्मित बिल्कुल नए स्कॉडा के रूप में दूसरे वाहनों से अलग है। जैक हॉलिस, ब्रांड डायरेक्टर–स्कॉडा ऑटो इंडिया, ने कहा, ”स्कॉडा ऑटो इंडिया के लिए कुशक को लॉन्च करना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### द बॉडी शॉप ने भारत में मनाई 15वीं सालगिरह

**संवाददाता** देहरादून। द बॉडी शॉप इंडिया, यूके का ब्रांड है, जो वास्तविक, पारंपरिक और प्राकृतिक सुंदरता का पर्याय है। जून 2021 में इस ब्रांड ने भारत में अपनी 15वीं सालगिरह मनाई। ब्रांड सुंदरता को बढ़ावा देने वाले बिजनेस में जानामाना नाम है। द बॉडी शॉप इंडिया भारत में जून 2006 में शुरू हुआ था। यह दुनिया में ब्यूटी बेस्ड बिजनेस में अग्रणी ब्रांड है, जो सुंदरता बढ़ाने वाले उत्पादों का व्यापार करता है।

### चीनी मिलों के मृतक आश्रितों को नौकरी देने विषय की समीक्षा बैठक की

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वामी यतीश्वरानन्द ने चीनी मिलों के मृतक आश्रितों को नौकरी देने विषय की समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि सरकार मृतक आश्रितों को नौकरी देने के सम्बन्ध में गम्भीर है। विधान सभा में बैठक लेते हुए मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द ने कहा कि सरकारी और सहकारी चीनी मिलों में मृतक आश्रितों की सूची तैयार कर ली जाय और मृतक आश्रितों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी देने की कार्यवाही की जाय। इस सम्बन्ध में सरकारी और सहकारी चीनी मिलों मृतक आश्रितों को स्थायी, संविदा, आउट सोर्सिंग और सीजनल कर्मिकों की तरह लाभ मिल सकेगा। मंत्री ने कहा इसके लिए आवश्यकता पडेगी तो नियमों में बदलाव किया जायेगा अथवा नियमों का शिथिलीकरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि चीनी मिल में कार्य करने वाले कार्मिकों की आर्थिक स्थिति पूर्व से ही अच्छी नही होती है इसलिए मानवीय आधार पर भी इस प्रकरण में बिलम्ब स्वीकार्य नही होगा।

# पत्रकारों के साथ सरकार हमेशा खड़ी रहेगी

**मांगपत्र**

■ कोविड–19 के दौर में जान गवाने वाले पत्रकारो के परिजनों को रोजगार देने की मांग

**संवाददाता**

देहरादून। सर्किट हॉउस काठगोदाम में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री विश्वजीत सिंह नेगी, नैनीताल जिला अध्यक्ष सर्वेन्द्र बिष्ट एवं जिला महामंत्री भूपेन्द्र रावत समेत दर्जनों पत्रकारों ने मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत से मुलाकात करते हुए कोविड–19 के दौर में अपनी जान गवाने वाले पत्रकारो के परिजनों को रोजगार देने के सबंध में बातचीत करने के साथ ही एक मांगपत्र सौंपा।



वही मुख्यमंत्री ने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बातों को गंभीरता से लेते हुए दिवंगत पत्रकारो के परिजनों को उपनल और पीआरडी से रोजगार देने की बात पर अपनी सहमति जताई और घोषणा करते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ सरकार हमेशा खड़ी रहेगी। इस घोषणा के बाद मुख्यमंत्री तीरथ रावत की प्रदेश के पत्रकारों ने सराहना की और इस निर्णय का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम में कोरोना के दौरान दिवंगत पत्रकारों के परिवार से मुलाकात कर उनसे हाल जाना, इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व. दानिश खान के पत्नी व पुत्र को शॉल ओढ़कर सम्मान दिया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष तारा जोशी, प्रदेश सचिव अरविन्द मलिक, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष रावत, हल्द्वानी नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, कमल जगाती, अजय कुमार, राजेन्द्र बिष्ट, खालिद खान, गोविन्द बिष्ट, कार्तिक बिष्ट, राजीव चावल, संजय तलवार, नागेश दुबे, शोएब खान, भूपेश कन्नौजिया, एएन तिवारी, शेर अफगान आदि पत्रकार थे।

### गंगा में डूब रहे दो युवकों को बचाया, बोट संचालकों ने जल पुलिस के साथ किया रेस्क्यू

**संवाददाता** ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला के नाव घाट के समीप दो युवकों की जान पर उस वक्त बना आई, जब वह गंगा में नहाते समय अचानक तेज बहाव की चपेट में आकर बहने लगे। गनीमत रही कि यहां तैनात बोट संचालकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को सकुशल बचा दिया। जानकारी के मुताबिक कमनपुर कासगंज उत्तर प्रदेश निवासी दो युवक घूमने के लिए ऋषिकेश आए थे। बुधवार दोपहर में घूमने के लिए लक्ष्मण झूला क्षेत्र में पहुंच गए। यहां गंगा में नहाते समय अचानक तेज बहाव की चपेट में आकर एक युवक बहने लगा। दूसरे युवक ने जब उसे बचाने की कोशिश की तो वह भी तेज बहाव की चपेट में आ गया। बोट कांट्रेक्टर व जल पुलिस ने जान पर खेलकर दोनों युवकों जितेंद्र व रोहित माथुर को सकुशल बचा लिया।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।